पूर्णतया संशोधित संस्करण

6

# पराग

## हिंदी की अभ्यास पुस्तिका

**मनीषा शर्मा**
एम॰ए॰ (हिंदी), बी॰एड॰, पीएच॰डी॰
अध्यापिका
दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा

सृजन

# विषय सूची


1. श्रम महान है 3
2. चंपा का त्याग 5
3. ड्राइवर मेजरसिंह 8
4. हिम्मती सुमेरा 11
5. बचपन के दिन (श्रुतलेख के लिए) 14

रचनात्मक अभिव्यक्ति - 1 ...15

6. एक बूँद 18
7. कर्तव्यनिष्ठा 20
8. बेटे की वापसी 23
9. विद्यादान 25
10. चिड़िया चली चाँद के देश (श्रुतलेख के लिए) 28

रचनात्मक अभिव्यक्ति - 2 ...29

11. साँप की मणि 32
12. निष्ठुर अनुकंपा 35
13. दोहावली 38
14. हमारे सहयोगी मित्र 40
15. भगतसिंह का पत्र (श्रुतलेख के लिए) 43

रचनात्मक अभिव्यक्ति - 3 ...44

16. वीरसिंह डरपोक 47
17. मानव बनो 50
18. अंतरिक्ष विजय 53
19. वनरक्षक पुंडरीक (श्रुतलेख के लिए) 57
20. इंसाफ़ की डगर 58

रचनात्मक अभिव्यक्ति - 4 ...61

# 1 श्रम महान है

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. कविता में किसकी महिमा गाई गई है?

2. श्रम के बल पर मनुष्य ने कौन-कौन से बड़े काम किए हैं?

3. श्रम से हमारे शरीर पर क्या प्रभाव पड़ता है?

4. कुछ ऐसे व्यक्तियों के नाम लिखिए जो श्रम के बल पर महान बने हैं।

*(ख) कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करो।*

1. मूल्य न ____________
   ____________ नादान है।
2. श्रम से ____________
   ____________ महान है।

*(ग) शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।*

| | |
|---|---|
| 1. उद्योग | गौरव/महत्व |
| 2. उपभोग | व्यवसाय |
| 3. उपजता | इस्तेमाल करना |
| 4. रौनक | उगता |
| 5. गरिमा | चमक |

**(घ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।**

1. ज़मीन ____________________ 2. आलस ____________________

3. मालिक ____________________ 4. सम्मान ____________________

**(ङ) निम्नलिखित शब्दों के साथ एक-एक विशेषण शब्द लिखो।**

1. ____________________ ताजमहल 2. ____________________ ज़मीन

3. ____________________ लालकिला 4. ____________________ किसान

5. ____________________ भाखड़ा बाँध 6. ____________________ उद्योग

**(च) 'श्रम की महिमा' विषय पर दस वाक्य लिखो।**

# 2

# चंपा का त्याग

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. महाराणा प्रताप ने किसके समक्ष अपना मस्तक झुकाने से इनकार कर दिया था?

2. सुंदर और चंपा को कैसी रोटियाँ खाने को मिलती थीं?

3. महाराणा प्रताप के पूछने पर ब्राह्मण वेशधारी व्यक्ति ने अपने बारे में क्या बताया?

4. पिता और पुत्री को देश की स्वतंत्रता के लिए बातें करते देख ब्राह्मण वेशधारी व्यक्ति ने क्या कहा?

*(ख) कहानी के आधार पर निम्नलिखित घटनाओं को सही क्रम दो।*

1. चंपा की साँसें टूट गईं। ☐
2. महारानी गुणवती पास ही बैठी थीं। ☐
3. एक जंगली बिलाव रोटियों पर झपटा। ☐
4. चंपा ने सुंदर से कहा, "मैं तुम्हें भरपेट रोटियाँ खिलाऊँगी।" ☐

*(ग) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों का संज्ञा-भेद लिखो।*

1. <u>बहन</u> चंपा, ज़ोरों से भूख लग रही है। ________
2. <u>सुंदर</u> भावुक होकर रोने लगा। ________
3. मैं <u>ब्राह्मण</u> हूँ। ________
4. महाराणा प्रताप ने अकबर की <u>मित्रता</u> भी स्वीकार नहीं की। ________
5. महारानी गुणवती <u>चंपा</u> के पास ही बैठी थीं। ________
6. एक जंगली <u>बिलाव</u> रोटियों पर झपटा। ________

*(घ) कोष्ठक में दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप लिखकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

1. अनेक राजा अकबर के ________ पर लोट रहे थे। (चरण)
2. मैंने अपने हिस्से की दो-तीन ________ रख छोड़ी हैं। (रोटी)
3. उनकी ________ में आँसू आ गए। (आँख)
4. उनकी माँ दासता की ________ में जकड़ी हुई थीं। (जंज़ीर)
5. इस देश की ________ स्वयं भूखी रहकर भी अपने बच्चों का पेट भरती हैं। (माँ)

*(ङ) निम्नलिखित क्रिया शब्दों में 'कर' प्रत्यय जोड़कर उनका वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. कमा + **कर** = **कमाकर**
________________________________________
________________________________________

2. दबा + ______ = ________
________________________________________
________________________________________

3. देख + ______ = ________
________________________________________
________________________________________

4. दौड़ + ______ = ________
________________________________________
________________________________________

*(च) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. त्याग ________________________________________
________________________________________
2. भावुक ________________________________________
________________________________________
3. संधि ________________________________________
________________________________________

4. मित्रता

5. आवाज़

*(छ) 'स्वतंत्रता सभी को प्रिय होती है।' – इस विषय पर अपने विचार लिखो।*

# 3 ड्राइवर मेजरसिंह

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. पड़ोसी देश पाकिस्तान ने कैसा दुस्साहस दिखाया था?

2. युद्ध को लेकर भारत देश की क्या विशेषता रही है?

3. मेजरसिंह ने कौन-सी ड्यूटी सँभाल ली?

4. मेजरसिंह के मार्ग में कैसे खतरे थे?

5. अपने साथी से मेजरसिंह ने क्या कहा था?

*(ख) पाठ के आधार पर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

1. उसने अपने ट्रक को खूब ________________।
2. वीर मेजरसिंह को कभी भुलाया ________________।
3. देखते-ही-देखते मेजरसिंह का ट्रक ________________।
4. उनके उत्साह में हर भारतीय नागरिक ________________।
5. इन्हीं ट्रकों में से एक ट्रक ________________।

*(ग) रिक्त स्थानों में आवश्यकतानुसार 'का', 'के' या 'की' भरकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

1. हमारे वीर जवान उत्साह ______ साथ आगे बढ़े।

2. भय नाम ______ भाव तो उसे छू भी नहीं गया था।
3. उसने देश ______ रक्षा के लिए अपने प्राणों ______ आहुति दे दी।
4. वह मस्ती से भरा गीत गाता बर्की ______ ओर बढ़ रहा था।
5. आवश्यक सामान वह सैनिकों ______ ठिकाने तक पहुँचा देता था।
6. अचानक उसका ट्रक पाकिस्तानी सेना ______ ओर से हो रही गोलाबारी ______ निशाना बन गया।

*(घ) 'बे' उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाओ और उनके अर्थ लिखो।*

बे +
- हद ______ = ______
- असर ______ = ______
- लगाम ______ = ______
- शर्म ______ = ______
- नकाब ______ = ______

*(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम शब्द रेखांकित करो और उसी सर्वनाम का प्रयोग करते हुए नया वाक्य बनाओ।*

1. वह किसी से युद्ध नहीं चाहता।
______
2. उसने देश की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति दे दी।
______
3. हमारी सेना लाहौर के करीब पहुँच गई।
______
4. लाहौर में सबसे पहले उसका ही ट्रक पहुँचेगा।
______
5. उन्होंने इस सेवा के लिए ट्रक दे दिए थे।
______

*(च) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. लक्ष्य ______
______

2. दुस्साहस

3. एकता

4. योगदान

5. लालसा

*(छ) देश की रक्षा में शहीद हुए किसी अन्य व्यक्ति के बारे में इंटरनेट या अन्य स्रोत से जानकारी प्राप्त करो और उसे लगभग सौ शब्दों में यहाँ लिखो।*

# 4 हिम्मती सुमेरा

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. रात में सुमेरा के पिता जी क्या करते हैं?

2. सुमेरा के नन्हे मन में कौन-सी बात पत्थर की लकीर की तरह जम गई है?

3. सुमेरा पढ़ाई क्यों नहीं छोड़ना चाहता था?

4. सुमेरा को तीस रुपये देते हुए मास्टर साहब ने क्या कहा?

5. इस कहानी से तुम्हें क्या शिक्षा मिलती है?

*(ख) बताओ कि निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे।*

1. "पढ़ाई छोड़कर कोई नौकरी कर ले।"

2. "मुझे काम करने के लिए कुछ रुपये उधार दीजिए।"

3. "दो रुपये थैले में डाल दे, चुपचाप।"

4. "नहीं, मैं नहीं डालूँगा दो रुपये।"

_______________

5. "राजा साहब, मेरी बात सुनिए।"

_______________

6. "अब तुम सौ रुपये से अपना काम शुरू करो।"

_______________

*(ग) रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

सब्ज़ीवालों कमेटी अद्‌भुत शिकायत खुशी-खुशी रुपये

1. यह एक मामूली से बच्चे की _______ कहानी है।
2. वह सवेरे-सवेरे जाकर _______ के बीच बैठ गया।
3. मुझे काम करने के लिए कुछ _______ उधार दीजिए।
4. वह _______ का आदमी था।
5. सुमेरा अब राजा के पास _______ करने जाएगा।
6. सुमेरा _______ घर लौट आया।

*(घ) निम्नलिखित शब्दों में 'आई' प्रत्यय जोड़कर नए शब्द बनाओ।*

1. पढ़ + आई = पढ़ाई
2. महँगा + _______ = _______
3. बुरा + _______ = _______
4. भला + _______ = _______
5. चौड़ा + _______ = _______
6. गोला + _______ = _______
7. लंबा + _______ = _______
8. गहरा + _______ = _______

*(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषण शब्द रेखांकित करो।*

1. मेरा सामान सौ रुपये का नहीं था।
2. उसने पक्का मकान बनवा लिया।

3. यह बच्चे की अद्भुत कहानी है।

4. सुमेरा हिम्मती बालक था।

5. उसने पुराने कागज़ों से लिफ़ाफ़े बनाए।

**(च) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।**

1. मुश्किल ____________  2. प्यार ____________
3. सवेरा ____________  4. नौकर ____________
5. छोटा ____________  6. उधार ____________

**(छ) निम्नलिखित शब्दों का लिंग परिवर्तन करके लिखो।**

1. आदमी ____________  2. रानी ____________
3. लड़का ____________  4. नौकर ____________
5. टोकरी ____________  6. पिता ____________

**(ज) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।**

1. हिम्मत ____________________
2. मुसीबत ____________________
3. बाज़ार ____________________
4. परिश्रम ____________________
5. कोठी ____________________

5

# बचपन के दिन

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'बचपन के दिन' पाठ में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
|---|---|---|
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |
| | ☐ | |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

# रचनात्मक अभिव्यक्ति–1

*(क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

सिकंदर यूनान का एक महान शासक था। उसने यह प्रतिज्ञा की थी कि वह संसार को जीतकर उस पर शासन करेगा। इसी उद्देश्य से उसने भारत पर भी आक्रमण किया था। पर भारत में सिकंदर को मुँह की खानी पड़ी और विवश होकर उसे वापस लौट जाना पड़ा।

एक दिन दोपहर का समय था। सिकंदर का सेनापति सैल्यूकस अपने खेमे में उदास मन से बैठा कुछ सोच रहा था। कई दिनों से उसकी सेना को हार पर हार का सामना करना पड़ रहा था। सैल्यूकस के माथे पर रह-रहकर पसीना आ रहा था। अचानक पीछे से कोई बोल उठा, "आप किस चिंता में पड़े हैं, पिता जी?"

वह सैल्यूकस की पुत्री हेलन थी। हेलन भी युद्ध के मैदान में सैल्यूकस के साथ खेमे में रहती थी।

1. सिकंदर कौन था?

___

2. सिकंदर ने क्या प्रतिज्ञा की थी?

___

3. सिकंदर के सेनापति का क्या नाम था?

___

4. सैल्यूकस के माथे पर पसीना क्यों आ रहा था?

___

___

5. हेलन कौन थी?

___

6. 'आशा' का विलोम शब्द लिखो।

___

7. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

___

*(ख) निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

तपती धरती, तपता अंबर,
कण-कण बना अंगारा।
झुलस रही हरियाली सारी,
झुलस रहा जग सारा।

पंछी दुबक रहे नीड़ों में,
पशु सब हाँफे जाते।
छाया भी छाया पाने को,
सिकुड़ रही शरमाते।।

1. कौन-कौन तप रहे हैं?

______________________________

2. सारा जग क्यों झुलस रहा है?

______________________________

3. पंछी कहाँ दुबक रहे हैं?

______________________________

4. 'अंबर' शब्द के दो समानार्थी शब्द लिखो।

______________________________

5. इस पद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

______________________________

*(ग) तुम्हारे विद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता होनी है जिसमें तुम भी भाग लेना चाहते हो। इस संबंध में तुमने अपने अध्यापक/अध्यापिका से जो बातचीत की, उसे यहाँ संवाद के रूप में लिखो।*

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

(घ) दिए गए चित्र का वर्णन करते हुए एक अनुच्छेद लिखो।



6

# एक बूँद

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. बूँद के माध्यम से कवि हमें क्या संदेश देना चाहते हैं?

_______________

2. घर छोड़कर बाहर निकलते समय कुछ लोग क्यों झिझकते हैं?

_______________

*(ख) कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करो।*

1. एक सुंदर _______________
_______________ मोती बनी।
2. _______________ सोचते,
जबकि _______________।
3. सोचने _______________
_______________ क्यों कढ़ी।

*(ग) समझो और लिखो।*

1. अन + मनी = अनमनी
2. अन + ______ = ______
3. अन + ______ = ______
4. अन + ______ = ______
5. अन + ______ = ______
6. अन + ______ = ______

*(घ) निम्नलिखित सर्वनाम रूपों का प्रयोग करके वाक्य बनाओ।*

1. मेरा ______________________
   मेरे ______________________
   मेरी ______________________
2. अपना ______________________
   अपने ______________________
   अपनी ______________________
3. उसका ______________________
   उसके ______________________
   उसकी ______________________

*(ङ) स्वयं को एक बूँद मानते हुए आत्मकथा के रूप में दस वाक्य लिखो।*

*(च) अपने अध्यापक/अध्यापिका से पता करके लिखो कि पानी की बूँद केले के पत्ते पर या साँप के मुँह में गिर जाए तो क्या बन जाती है।*

# 7 कर्तव्यनिष्ठा

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. सैलून के बाहर इंतज़ार में कौन बैठे थे?

2. ज़फर मियाँ ने लेखक का स्वागत कैसे किया?

3. मज़दूर के जाने पर लेखक ने ज़फर मियाँ से क्या कहा?

4. लेखक के अनुसार राष्ट्र की जीवन-शक्ति का सर्वोत्तम मापदंड क्या है?

5. कहानी में किसकी कर्तव्यनिष्ठा की बात की गई है?

*(ख) कहानी के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखो।*

1. ज़फर मियाँ एक दिलचस्प आदमी हैं। ______
2. लेखक के दुकान में पहुँचते ही ज़फर मियाँ ने उस्तरा उठा लिया। ______
3. मज़दूर अभी-अभी नहाकर आया था। ______
4. ज़फर मियाँ बालों को कभी फीते से नापते तो कभी धागे से। ______
5. लेखक स्मृतियों की सरिता में तैरने लगे। ______
6. ज़फर मियाँ की निगाह एक-एक बाल पर थी। ______

*(ग) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषण शब्द रेखांकित करो।*

1. ज़फर मियाँ एक दिलचस्प आदमी हैं।
2. उसने बाहर की दुकान से चाय का एक प्याला लाकर मुझे दिया।
3. यह शायद पाँच-सात दिन से नहीं नहाया।
4. कंघा उलझे बालों में अटक जाता था।
5. बुरादे से उसकी गर्दन काली हो रही है।

*(घ) रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

ब्रुश दिन पेठा मज़दूर तल्लीनता हजामत

1. आरा चलाने वाले दो ________ इंतज़ार में बाहर बैठे थे।
2. मैं चाय पीने लगा और ज़फर मियाँ फिर ________ बनाने लगे।
3. वह शायद पाँच-सात ________ से नहीं नहाया था।
4. अब उन्होंने उठाया ________ और जुटे हज़ामत पर।
5. मैं ज़फर मियाँ की इस ________ को देखता रहा।
6. उससे आगरे का ________ और दिल्ली का सोहन हलवा दोनों ही फीके पड़ गए।

*(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में कर्म के आधार पर क्रिया के भेद लिखो।*

1. ज़फर मियाँ ने एक मज़दूर को बुलाया। ________
2. ज़फर मियाँ उस मज़दूर के बाल काट रहे हैं। ________
3. मैं कुर्सी पर बैठा देख रहा हूँ। ________
4. यह मज़दूर इस कारीगरी को नहीं समझ सकता है। ________
5. देखते-देखते मैं भावों से भर उठा। ________
6. ज़फर मियाँ बाल सुलझाते रहे। ________
7. वे कंघा बढ़ाते हैं। ________

*(च) सोचो और लिखो।*

1. मूँछों की ____छँटाई____ 2. बालों की ________
3. जालों की ________ 4. कपड़ों की ________
5. बच्चों की ________ 6. घरों की ________

*(छ) 'निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. हजामत
2. तल्लीन
3. श्रद्धा
4. सर्वोत्तम
5. मापदंड

*(ज) 'कर्तव्यनिष्ठा का महत्व' – इस विषय पर अपने विचार लिखो।*

# 8

# बेटे की वापसी

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. किसान का छोटा बेटा अपने जीवन में क्या करना चाहता था?

2. किसान के छोटे बेटे ने अपने हिस्से के धन को कैसे खर्च किया?

3. धन समाप्त होने पर छोटे बेटे को क्या कष्ट उठाने पड़े?

4. किसान ने अपने छोटे बेटे का स्वागत किस तर्क के आधार पर किया?

*(ख) पाठ के आधार पर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

1. वह सदैव यात्रा करने और सारे संसार का ________ करने के सपने देखा करता था।
2. उसने ________ आदमियों के तौर-तरीके देखकर उनकी नकल शुरू कर दी।
3. अब वह ________ हो गया था।
4. ईश्वर उन ________ को भी प्यार करता है जो अपनी गलतियों को मान लेते हैं।
5. बच्चों की तरह अपने पापों का ________ कर लेते हैं।

*(ग) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो।*

| | |
|---|---|
| 1. संतोष ________ | 2. विश्वास ________ |
| 3. भविष्य ________ | 4. दुखदायी ________ |
| 5. समाप्त ________ | 6. सम्मान ________ |

*(घ) 'ई' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाओ।*

1. मेहनत + ई ________  2. बरबाद + ई ________
3. संतोष + ई ________  4. पाप + ई ________
5. खूबसूरत + ई ________  6. यात्रा + ई ________
7. कंगाल + ई ________  8. वापस + ई ________

*(ङ) इन वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञा शब्द रेखांकित करो।*

1. एक किसान था।
2. उसकी बात सुनकर पिता को दुख हुआ।
3. सूअरों की रखवाली का काम उसे मिला।
4. बड़े बेटे ने नाराजगी दिखाई।

*(च) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. आमदनी ________
2. किस्मत ________
3. रोष ________
4. दावत ________

*(छ) किसान द्वारा छोटे बेटे का स्वागत-सत्कार करना कहाँ तक उचित था? अपना उत्तर कारण सहित लिखो।*

________

9

# विद्यादान

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. ईश्वरचंद्र विद्यासागर को विद्या का सागर क्यों कहा जाता है?

2. विद्यासागर के न पहचानने पर युवक ने क्या कहा?

3. भिखारी बालक द्वारा एक आना माँगने पर ईश्वरचंद्र ने उससे क्या कहा?

4. लड़कियों की शिक्षा के लिए विद्यासागर ने क्या-क्या प्रयत्न किए?

5. पुस्तकों के संबंध में ईश्वरचंद्र क्या चाहते थे?

*(ख) रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

घटना ईश्वरचंद्र लड़कियाँ भिखारी दीन-दुखी

1. शिक्षा के बिना हमारे देश की ________ पिछड़ रही थीं।
2. किसी ________ की पीड़ा वह नहीं देख सकते थे।
3. इस ________ को कई वर्ष बीत गए।

4. युवक ने झुककर दोबारा __________ के चरण छुए।
5. उनके पास एक __________ बालक पैसे माँगने आया।

*(ग) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग पहचानो।*

1. ठीक है, मैं तुम्हें एक <u>रुपया</u> देता हूँ। __________
2. मैंने कब तुम्हारी <u>सहायता</u> की थी? __________
3. शिक्षा के बिना हमारे देश की <u>लड़कियाँ</u> पिछड़ रही थीं। __________
4. विद्यादान के लिए उन्होंने <u>नौकरी</u> भी छोड़ दी। __________
5. <u>उनका</u> प्रयास व्यर्थ नहीं गया। __________
6. बालक का मन <u>प्रसन्नता</u> से भर गया। __________
7. इस <u>प्रथा</u> को रोकने के लिए भी ईश्वरचंद्र ने प्रयास किए। __________

*(घ) संज्ञा और विशेषण शब्दों के जोड़े मिलाओ।*

| | |
|---|---|
| 1. वर्ष | भिखारी |
| 2. विषय | कई |
| 3. भविष्य | कम |
| 4. बालक | कठिन |
| 5. पैसे | उज्ज्वल |

*(ङ) रिक्त स्थानों में 'से' या 'के लिए' भरकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

1. एक बार वह बाज़ार __________ कुछ सामान लाने जा रहे थे।
2. विद्यादान __________ उन्होंने नौकरी भी छोड़ दी।
3. बालक का मन प्रसन्नता __________ भर गया।
4. परिश्रम __________ अपना जीवन निर्वाह करो।
5. आगे की पढ़ाई __________ उसे विदेश भेजा गया।
6. इतनी रात बीते तुम कहाँ __________ आ रहे हो?

*(च) निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. लड़की __________
__________

2. बच्चा

3. मोहल्ला

4. रुपया

5. पुस्तक

*(छ) 'विद्या सबसे बड़ा धन है।' – इस कथन से क्या तुम सहमत हो? कारण सहित उत्तर लिखो।*

# 10 चिड़िया चली चाँद के देश

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'चिड़िया चली चाँद के देश' पाठ में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
|---|---|---|
| ____________ | ☐ | ____________ |
| ____________ | ☐ | ____________ |
| ____________ | ☐ | ____________ |
| ____________ | ☐ | ____________ |
| ____________ | ☐ | ____________ |
| ____________ | ☐ | ____________ |
| ____________ | ☐ | ____________ |
| ____________ | ☐ | ____________ |
| ____________ | ☐ | ____________ |
| ____________ | ☐ | ____________ |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

____________ ____________ ____________

____________ ____________ ____________

____________ ____________ ____________

____________ ____________ ____________

# रचनात्मक अभिव्यक्ति – 2

*(क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

प्राचीन काल की बात है। तब देवताओं और दानवों में हमेशा खटपट रहती थी। देवता और दानव वैसे तो एक ही वंश के थे, पर दोनों के स्वभाव में आकाश-पाताल का अंतर था। देवता शांतिप्रिय थे, जबकि दानव झगड़ालू। देवता बुद्धिमान थे, जबकि दानव मूर्ख। जब कभी उनमें युद्ध होता तो देवता बुद्धि-बल से जीत तो जाते, पर इससे उन्हें दुख होता था।

एक दिन देवतागण विष्णु जी के पास पहुँचे। उन्होंने विष्णु जी से प्रार्थना की कि कोई ऐसा उपाय बताएँ जिससे यह गृह-युद्ध समाप्त हो सके। विष्णु जी ने कहा, "मैं दानवों को समझाऊँगा और ऐसा उपाय करूँगा कि वे भविष्य में युद्ध न करके शांति से रहे। पर याद रखिए कि यदि आप सब बुद्धिमानी से काम लेंगे तभी मुझे अपने प्रयत्न में सफलता मिलेगी।"

1. देवताओं और दानवों के स्वभाव में क्या अंतर था?

2. युद्ध में देवता किस प्रकार जीत जाते?

3. देवताओं ने विष्णु जी से क्या प्रार्थना की?

4. विष्णु जी को अपने प्रयत्न में सफलता मिले, इसके लिए देवताओं को क्या करना था?

5. 'देवता' और 'युद्ध' के विलोम शब्द लिखो।

6. 'झगड़ालू' और 'मूर्ख' शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाओ।

7. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

*(ख) निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

जल अमूल्य उपहार प्रकृति का
जीव जगत का अवलंबन।
जल से हरित प्रकृति की शोभा,
जल ही जीवों का जीवन।।
कहीं बना 'हिम-मुकुट' शिखर का
कहीं बरसता बन बादल।
बहता कहीं नदी-निर्झर में,
धारा गरम, कहीं शीतल।।

1. प्रकृति का अमूल्य उपहार क्या है?
2. प्रकृति के लिए जल क्यों आवश्यक है?
3. जल जीवों को क्या देता है?
4. 'हिम' और 'नदी' के दो-दो समानार्थी शब्द लिखो।
5. इस पद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

*(ग) 'मेरा जीवन-लक्ष्य' – इस विषय पर अपने विचार लिखो।*

(घ) नीचे दिए गए चित्र को देखो और इस पर आधारित एक छोटी-सी कहानी बनाकर लिखो।



# 11 साँप की मणि

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. जब लेखक जहाज़ पर नौकर थे तब वे कहाँ गए थे?

2. लेखक का दोस्त कोलंबो में क्या करता था?

3. खाने-पीने के बाद क्या हुआ?

4. साँप की मणि किस प्रकार की होती है?

5. लेखक ने कौन-सी गलती होने की बात कही?

*(ख) पाठ के अनुसार निम्नलिखित कथनों के सामने 'सही' या 'गलत' लिखो।*

1. जहाज़ कोलकाता से कोलंबो दस दिन में पहुँचा। ________
2. वहाँ सीप और मोतियों की बात छिड़ गई। ________
3. मणि सभी साँपों के पास होती है। ________
4. उसने झट से उस मणि पर कीचड़ फेंक दिया। ________
5. लेखक उसी समय पेड़ से नीचे उतर आए। ________
6. मणि का ज़िक्र तो लेखक ने किस्से-कहानियों में सुना है। ________

### *(ग) उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरो।*

जंगल बादशाहों मुँह घाट किताबों मणि

1. मणि का मोल सात ______________ के बराबर होता है।
2. वह देखिए, साँप ______________ रखे बैठा है।
3. थोड़ी देर में हम एक ______________ में पहुँचे।
4. वह ______________ पर आ पहुँचा था।
5. साँप इसे दिनभर ______________ में रखता है।
6. साँप की मणि के बारे में ______________ में पढ़ा होगा।

### *(घ) निम्नलिखित वर्णों के योग से शब्द बनाओ।*

1. ल् + अं + क् + आ + प् + उ + र् + ई ______________
2. व् + इ + श् + व् + आ + स् + अ ______________
3. म् + उ + श् + क् + इ + ल् + अ ______________
4. व् + य् + अ + क् + त् + इ ______________
5. र् + ओ + श् + अ + न् + ई ______________

### *(ङ) निम्नलिखित पशुओं की बोलियाँ लिखो।*

1. साँप **फुँफकारना**
2. बिल्ली ______________
3. घोड़ा ______________
4. हाथी ______________
5. कुत्ता ______________
6. शेर ______________
7. गाय ______________
8. बंदर ______________

### *(च) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया का काल बताओ।*

1. तुम्हारे हाथ में क्या है? ______________
2. मैं मारे खुशी के मतवाला हो गया। ______________
3. मैंने पहले ही उसे खत डाल दिया था। ______________
4. वे कहीं-न-कहीं से ज़रूर खबर लाएँगे। ______________
5. वह व्यक्ति खड़ा था जो मणि की खबर लाया था। ______________
6. मैं तुम्हें ऐसी चीज़ दूँगा जो शायद तुमने कभी न देखी हो। ______________

*(छ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. दोस्त ______________________________
2. शायद ______________________________
3. गर्व ______________________________
4. असली ______________________________
5. रोशनी ______________________________

*(ज) साँप की विशेषताओं के बारे में लिखो।*

______________________________

# 12

# निष्ठुर अनुकंपा

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. परिवार में कितने भाई थे? वे कैसे थे?

2. परिवार का निर्वाह किस प्रकार हो रहा था?

3. रिश्तेदार को परिवार की बदहाली के विषय में कैसे पता लगा?

4. सब्ज़ीवाली ने परिवार की किस विवशता का लाभ कैसे उठाया?

5. परिवार की सहायता किसने और किस प्रकार की?

*(ख) पाठ के आधार पर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

1. किसी शहर में एक कुलीन ____________________।
2. दीवाली के बाद एक दिन ____________________।
3. सबसे छोटा भाई घर आए मेहमान ____________________।
4. बरामदे के एक कोने में पड़ी ____________________।
5. दुनिया में बंधु हो ____________________।

**(ग) कोष्ठक में दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्दों से रिक्त स्थान भरो।**

1. उसमें चार ____________ थे। (भ्राता)
2. घर की ____________ दिनोंदिन बढ़ रही थी। (कृपणता)
3. उनके घर के पास बगीचे में सहिजन का एक ____________ था। (वृक्ष)
4. उन्हीं से उस परिवार का ____________ होता। (गुज़ारा)
5. जब भोजन तैयार हुआ तो ____________ ने बहाना बनाया। (अग्रज)
6. अब मैं तुमको पहले की तरह ज़्यादा ____________ नहीं दे सकती। (मूल्य)

**(घ) रिक्त स्थानों में आवश्यकतानुसार 'का', 'के', 'की' या 'को' भरकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।**

1. उनके घर ______ पास बगीचे में सहिजन ______ एक पेड़ था।
2. उसे इन लोगों ______ दुर्दशा ______ बारे में जानकारी नहीं थी।
3. झूठी और बनावटी इज़्ज़त ______ के खयाल से ये नौजवान लड़के खाने-पीने ______ तकलीफ बर्दाश्त कर रहे हैं।
4. उसने पेड़ ______ जड़ के पास से काटकर धरती पर गिरा दिया।

**(ङ) निम्नलिखित वाक्यांशों का वाक्यों में प्रयोग करो।**

1. लाले पड़ना ____________________
2. ताड़ जाना ____________________
3. गरज होना ____________________
4. मातम छाना ____________________

**(च) निम्नलिखित शब्दों के प्रयोग से प्रश्नवाचक वाक्य बनाओ।**

1. कहाँ **तुम कहाँ जा रहे हो?**
2. कौन ____________________

3. क्या ____________________

4. क्यों ____________________

5. कब ____________________

6. कैसे ____________________

*(छ) पाठ में आए मेहमान की दूरदर्शिता के विषय में अपने विचार लिखो*

# 13 दोहावली

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. अधिक बोलना क्यों अच्छा नहीं होता है?

2. मृग वन में क्या ढूँढ़ता है?

3. कबीर के दोहों को साखी क्यों कहा जाता है?

*(ख) निम्नलिखित दोहों के भाव अपने शब्दों में लिखो।*

1. अति का भला न बरसना, अति की भली न धूप।
   अति का भला न बोलना, अति की भली न चूप।।

2. निंदक नियरे राखिये, आँगन कुटि छवाय।
   बिन पानी साबुन बिना, निरमल करे सुभाय।।

*(ग) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो।*

1. सीतल स् + ई + त् + अ + ल् + अ
2. बरसना ________
3. पोथी ________
4. मुझसे ________
5. पंडित ________
6. दुनिया ________

*(घ) निम्नलिखित शब्दों के हिंदी पर्याय लिखो तथा उनका वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. औरन = ________
2. आपहु = ________
3. मुआ = ________
4. पढ़ि = ________
5. मिलया = ________
6. माहिं = ________

# 12 हमारे सहयोगी मित्र

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. हमारा मन क्या चाहता है?

2. बबीले पक्षियों के पंख किस प्रकार के होते हैं?

3. कठफोड़वा किस प्रकार का पक्षी है और वह क्या करता है?

4. चील, गिद्ध और बाज पक्षी किसानों को क्यों बुरे लगते हैं?

5. तीतर, बटेर, बतख आदि पक्षियों से व्यापारियों को क्या लाभ है?

*(ख) रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

ढेरों    कीड़े    विचित्र    पराग    सफ़ाई    उड़ाकू

1. कठफोड़वा भी एक ________ पक्षी है।
2. बबीले अन्य पक्षियों से ज़्यादा ________ होते हैं।
3. पक्षी ज़रा-सी देर में ________ कीड़े चट कर जाते हैं।
4. अकेले भारत में ही लगभग तीस हज़ार प्रकार के ________ पाए जाते हैं।
5. पक्षी एक फूल का ________ दूसरे फूल तक पहुँचाते हैं।
6. गिद्ध, चील और कौए ________ के काम में तेज़ होते हैं।

**(ग) शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।**

| | |
|---|---|
| 1. अचंभा | अनोखा |
| 2. मकरंद | काजल के समान |
| 3. विचित्र | अंदाज़ा |
| 4. सुरमई | आश्चर्य |
| 5. मृत | फूलों का रस |
| 6. अनुमान | मरा हुआ |

**(घ) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रिया शब्द रेखांकित करो।**

1. इनकी संख्या तेज़ी से बढ़ रही है।
2. जी चाहता है कि इन सुंदर जीवों को देखते ही रहें।
3. ये हमें कोई नुकसान नहीं पहुँचाते।
4. गिद्ध, चील और कौए सफ़ाई के काम में तेज़ होते हैं।
5. पक्षी ज़रा-सी ही देर में ढेरों कीड़े चट कर जाते हैं।
6. इनसे व्यापारियों को भी बहुत लाभ होता है।

**(ङ) निम्नलिखित शब्दों के वचन पहचानकर लिखो।**

1. मनुष्य ____________ 2. पक्षी ____________
3. कीड़े ____________ 4. शाखाएँ ____________
5. व्यापारी ____________ 6. जानवर ____________
7. देहात ____________ 8. मुर्गियाँ ____________

**(च) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखो।**

1. कठफोड़वा कीड़े खाती है।

____________________________________________

2. अकेले भारत में ही लगभग तीस हज़ार प्रकार के कीड़ा पाया जाता है।

____________________________________________

3. इनकी संख्या तेज़ी से बढ़ता है।

____________________________________________

4. पक्षी हमारा मित्र है।

________________________________________

5. इस पक्षी के शरीर व पैरों का रंग सुरमई भूरी होती है।

________________________________________

*(छ) निम्नलिखित शब्दों में से 'प्रत्यय' अलग करो तथा उसी प्रत्यय से दो-दो नए शब्द बनाओ।*

| | प्रत्यय | नए शब्द | |
|---|---|---|---|
| 1. चहचहाहट | ______ | __________ | __________ |
| 2. सहयोगी | ______ | __________ | __________ |
| 3. सफ़ाई | ______ | __________ | __________ |
| 4. आवश्यकता | ______ | __________ | __________ |

*(ज) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो।*

1. अबाबील की बराबरी कोई नहीं कर सकता। __________
2. पक्षी हमारे मित्र हैं। __________
3. ये एक पल में ढेरों कीड़े चट कर जाते हैं। __________
4. गिद्ध सफ़ाई के काम में तेज़ होते हैं। __________
5. वे मरे हुए जानवरों व कीड़ों को खा जाते हैं। __________
6. वे एक फूल का पराग दूसरे फूल तक पहुँचाते हैं। __________

*(झ) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. जवाब ______________________________

2. समय ______________________________

3. गंदगी ______________________________

4. चिपक ______________________________

15

# भगतसिंह का पत्र

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'भगतसिंह का पत्र' पाठ में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
|---|---|---|
| ________ | ☐ | ________ |
| ________ | ☐ | ________ |
| ________ | ☐ | ________ |
| ________ | ☐ | ________ |
| ________ | ☐ | ________ |
| ________ | ☐ | ________ |
| ________ | ☐ | ________ |
| ________ | ☐ | ________ |
| ________ | ☐ | ________ |
| ________ | ☐ | ________ |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

________ ________ ________

________ ________ ________

________ ________ ________

________ ________ ________

# रचनात्मक अभिव्यक्ति – 3

*(क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

इस वर्ष गर्मी की छुट्‌टियों में हमेशा की तरह मनु अपनी दादी के घर गया तो उसके मन में विशेष उल्लास छाया था क्योंकि मथुरा वाली बुआ भी आई थीं जो उसे बहुत प्यार करती थीं। क्या मज़ाल कि कोई उनके समक्ष मनु को टेढ़ी दृष्टि से देख ले। दोपहर का समय था। बुआ ने मनु को अपने पास ही लिटा लिया। मनु बुआ के और नज़दीक सिमट आया और आँखें मूँद लीं। दादी बड़ी देर तक बुआ की ससुराल का हाल पूछती रहीं। अचानक उन्होंने फुसफुसाकर कहा, "जानती हो, मनु के जन्म पर वरुणा और सुदेश कैसे निराश हुए थे। वरुणा तो रोई भी थी। जब मैंने दोनों को फटकारा तब जाकर शांत हुए।" अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का स्मरण कर दादी गर्वित थीं।

"बेटा होने पर रोने की क्या बात है?" तीन पुत्रियों की माँ, मनु की बुआ ने आश्चर्य व्यक्त किया।

"एक बेटा प्रशांत तो था ही, दोनों एक बेटी चाहते थे।" दादी ने धीमी आवाज़ में कहा।

1. मनु गर्मी की छुट्‌टियों में कहाँ गया था?

2. मनु के मन में विशेष उल्लास क्यों छाया था?

3. दोपहर के समय बुआ ने क्या किया?

4. दादी ने कौन-सी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी?

5. बुआ को किस बात पर आश्चर्य हुआ?

6. ‘गर्वित’ शब्द में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करो।

7. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

(ख) *निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

चित्रकार सुनसान जगह में, बना रहा था चित्र,
इतने में ही वहाँ आ गया, यमराज का मित्र।
शेर राजा को देखकर, चित्रकार के तुरंत उड़ गए होश,
नदी, पहाड़, पेड़-पत्तों का, रह न गया कुछ होश।

फिर उसको कुछ हिम्मत आई, देख उसे चुपचाप,
बोला – सुंदर चित्र बना दूँ, बैठ जाइए आप।
उकड़ूँ-मुकड़ूँ बैठ गया वह, सारे अंग बटोर,
बड़े ध्यान से लगा देखने चित्रकार की ओर।

1. चित्रकार क्या कर रहा था?

2. किसे देखकर चित्रकार के होश उड़ गए?

3. चित्रकार ने शेर से क्या कहा?

4. ‘चित्र’, ‘जगह’ और ‘हिम्मत’ के साथ आए विशेषण शब्द लिखो।

5. ‘चित्रकार चित्र बना रहा था।’ – इस वाक्य को भविष्यत् काल में बदलकर लिखो।


6. इस पद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

(ग) किसी संस्था द्वारा प्लास्टिक की थैलियों का उपयोग रोकने के लिए एक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान से संबंधित दो नारे बनाकर लिखो।

1. 

2. 

(घ) नीचे दिए गए चित्र का वर्णन करते हुए एक अनुच्छेद लिखो।



# 16 वीरसिंह डरपोक

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. बोदा महाशय ने अपने नाम को लेकर माँ से क्या शिकायत की?

2. पुरोहित जी ने नाम बदलने की क्या तरकीब बताई?

3. बोदा महाशय की काया डर के मारे क्यों थरथरा गई?

4. द्वार पर पहुँचकर बोदा महाशय ने क्या कहा?

5. होश में आने पर वीरसिंह क्या बोले?

*(ख) रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

करिश्मा  तारीफ़  कंजूसी  भगदड़  बालक  मुसीबत

1. तुमने मेरा नाम रखने में ____________ क्यों की?
2. वहाँ ____________ मची हुई थी।
3. लोगों ने यह ____________ देखा तो दाँतों तले उँगली दबा ली।
4. बोदा महाशय बैठे-बिठाए ____________ में पड़ गए।
5. हर कोई बोदा महाशय की ____________ कर रहा था।
6. एक ____________ भागता हुआ वहाँ आया।

*(ग) निम्नलिखित पंक्तियों के आशय स्पष्ट करो।*

1. मुफ़्त का काम ऐसे ही होता है।

______________________________

______________________________

______________________________

2. मरे हुए को मारने में कोई बहादुरी नहीं है।

______________________________

______________________________

______________________________

*(घ) उदाहरण के अनुसार निम्नलिखित शब्दों से न्यूनताबोधक शब्द बनाओ।*

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | खाट | **खटिया** | 2. | थाल | ______ |
| 3. | लोटा | ______ | 4. | कटोरा | ______ |
| 5. | जाल | ______ | 6. | पहाड़ | ______ |

*(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में पूर्णविराम (।) या प्रश्न-चिह्न (?) का प्रयोग करो।*

1. डर किस चिड़िया का नाम है
2. मेरा नाम तो चतुरसिंह होना चाहिए था
3. क्या मैं बहादुरी का कारनामा दिखा पाऊँगा
4. क्या तुम्हें साँप-वाँप से डर नहीं लगता
5. साथ न जाने पर नाम डूबने का खतरा था
6. मेरी नानी-दादी याद आ गईं

*(च) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषण शब्द रेखांकित करो।*

1. पागल भैंसे को देखकर आपको डर नहीं लगा था?
2. भैंसा काले भूत-सा गुर्राता सामने से दौड़ा आ रहा था।
3. एक सप्ताह तक बोदा महाशय वहाँ पलंग तोड़ते रहे।
4. भंडारे की कोठरी में काला साँप छिपा था।
5. ऐसे शेरदिल नौज़वान का नाम तो बहादुर सिंह होना चाहिए।

*(छ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. खरी-खोटी सुनाना = ______

2. दाँतों तले उँगली दबाना = ______

3. साँप सूँघ जाना = ______

4. उड़नछू हो जाना = ______

5. फूलकर गोलगप्पा हो जाना = ______

*(ज) अपनी पसंद का कोई एक चुटकुला लिखो।*

______

17

# मानव बनो

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. मानव बनने के लिए क्या करना ज़रूरी है?

2. कविता में कवि क्या समझा रहे हैं?

3. कवि के अनुसार कैसे व्यक्ति मानव नहीं कहलाते हैं?

*(ख) कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करो।*

1. पर भूल ______
______ आसरा।
2. अब हाथ ______
जलना ______
______ भस्म से,
कर दो ______

*(ग) निम्नलिखित पंक्तियों के अर्थ स्पष्ट करो।*

1. पर भूल है सबसे बड़ी,
करना किसी का आसरा।

2. अपने हृदय की भस्म से,
कर दो धरा को उर्वरा।

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

(घ) *शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।*

| | |
|---|---|
| 1. मनुहार | पृथ्वी |
| 2. भस्म | सहारा |
| 3. हुंकार | विनय / प्रार्थना |
| 4. आसरा | उपजाऊ |
| 5. धरा | ललकार |
| 6. उर्वरा | राख |

(ङ) *निम्नलिखित तत्सम शब्दों के तद्भव रूप लिखो।*

1. अश्रु ______________ 2. मस्तक ______________
3. धरा ______________ 4. सूर्य ______________

(च) *समझो और क्रिया का रूप बदलकर लिखो।*

1. जलना जलाना 2. बनना ______________
3. करना ______________ 4. देखना ______________
5. देना ______________ 6. फैलना ______________

(छ) *निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो।*

1. प्यार ______________
2. मनुहार ______________
3. विश्व ______________
4. दिखलाओ ______________
5. हुंकार ______________

*(ज) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. विश्व

2. सींचना

3. मानव

4. कण

5. हृदय

*(झ) निम्नलिखित पंक्तियों के आगे की चार पंक्तियाँ अपने मन से बनाकर लिखो।*

मानव बनकर हम मानव के,
जीवन को स्वर्ग बनाएँगे।

18

# अंतरिक्ष विजय

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. राकेश शर्मा का परिचय दो।

2. राकेश शर्मा ने अंतरिक्ष से श्रीमती इंदिरा गांधी से क्या बातचीत की?

3. कल्पना चावला ने अपनी शिक्षा कब और कहाँ ग्रहण की?

4. 'कोलंबियसा' क्या है?

5. सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष यात्रा की प्रेरणा कहाँ से मिली?

*(ख) रिक्त स्थानों में उचित शब्द लिखकर निम्नलिखित वाक्य पूरे करो।*

व्योमपुत्र   पायलट   कल्पना चावला   गुजरात   नृत्य   14वाँ   प्रयोग

1. राकेश शर्मा ने भारत को ________ ऐसा देश बना दिया जिसके नागरिक अंतरिक्ष यात्रा कर चुके हैं।
2. भारत के ________ श्री राकेश शर्मा की कर्मठता, परिश्रम, योग्यता और कार्यकुशलता सराहनीय है।
3. भारत की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री ________ का जन्म करनाल शहर में हुआ था।

4. उनकी ________ और गायन में भी रुचि थी।
5. सुनीता के पिता दीपक ________ प्रांत से हैं।
6. सुनीता के पति माइकल विलियम्स खुद भी एक ________ हैं।

*(ग) पाठ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों को सही क्रम दो।*

1. भारत भी अंतरिक्ष अनुसंधान और अन्वेषण में लगा हुआ है। ☐
2. रॉकेट का आविष्कार अंतरिक्ष यात्रा का पहला कदम था। ☐
3. इस दिन ही अंतरिक्ष अन्वेषण में एक नए अध्याय का आरंभ हुआ था। ☐

*(घ) निम्नलिखित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाओ।*

1. प्र +
   - शिक्षण ____ प्रशिक्षण ____
   - बल ________
   - भाव ________
   - माण ________
   - गति ________

2. आ +
   - प्रवासी ____ आप्रवासी ____
   - गमन ________
   - जन्म ________
   - भार ________
   - मरण ________

*(ङ) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेद लिखो।*

1. <u>उन्होंने</u> हैदराबाद में रहकर शिक्षा प्राप्त की। ________
2. <u>उनके</u> पिता चाहते थे कि <u>वह</u> डॉक्टर या शिक्षिका बने। ________
3. <u>वे</u> प्राय: अपने दोस्तों से नक्षत्रों की बातें करती थी। ________
4. सपनों में ही <u>हमारी</u> सफलता का बीज़ होता है। ________
5. <u>उन्हें</u> अंतरिक्ष प्रशिक्षण के लिए चुना गया। ________
6. <u>तुम्हारे</u> सपने भी साकार होंगे। ________
7. यहीं पर <u>इनका</u> बचपन बीता। ________
8. तुम्हारे सामने जो लक्ष्य है, <u>उसे</u> ध्यान में रखो। ________

*(च) निम्नलिखित संज्ञा शब्दों को उनके उचित भेद के अंतर्गत लिखो।*

सफलता टेक्सास अध्यापिका राकेश भारत लड़कियाँ
पंजाब कॉलेज कोलोरेडो वैज्ञानिक पिता अमरीका घनिष्ठता
कोलंबिया बचपन समस्या ऊँचाई भलाई

| जातिवाचक | व्यक्तिवाचक | भाववाचक |
|---|---|---|
| ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ |
| ______ | ______ | ______ |

*(छ) विशेषण तथा विशेष्य अलग करके लिखो।*

| | विशेषण | विशेष्य |
|---|---|---|
| 1. सुंदर बाल | सुंदर | बाल |
| 2. सुनहरे सपने | ______ | ______ |
| 3. एक रॉकेट | ______ | ______ |
| 4. अपने पिता | ______ | ______ |
| 5. सारा विश्व | ______ | ______ |
| 6. प्रथम महिला | ______ | ______ |

*(ज) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. स्वर्णावसर ______
2. सर्वप्रथम ______
3. सौभाग्य ______

4. प्रधानमंत्री

5. प्रशिक्षण

6. उज्ज्वल

*(झ) 'मेरा सपना' – इस विषय पर अपने विचार लिखो।*

19

# वनरक्षक पुंडरीक

## (श्रुतलेख के लिए)

**निर्देश** – 'वनरक्षक पुंडरीक' पाठ में से दस शब्दों का चयन कर बच्चों से श्रुतलेख करवाएँ। बच्चे इन शब्दों का शुद्ध-शुद्ध उच्चारण करने का अभ्यास करें।

| शब्द | ✓ या ✗ | शुद्धि |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

## सुधार कार्य

**निर्देश** – बच्चों को अशुद्ध शब्दों का शुद्ध रूप बताएँ व उन शब्दों को बार-बार लिखने को कहें।

# 20 इंसाफ़ की डगर

*(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

1. कवि बच्चों को इंसाफ़ की डगर पर चलने का आग्रह क्यों कर रहे हैं?

______________________________

______________________________

2. 'बच्चे कल के नेता हैं।' कवि ऐसा क्यों कह रहे हैं?

______________________________

______________________________

3. बच्चे इंसाफ़ की डगर पर कैसे चल सकते हैं?

______________________________

______________________________

4. कवि ने कौन-से रास्तों को कठिन बताया है?

______________________________

______________________________

*(ख) शब्द और अर्थ के जोड़े मिलाओ।*

| | |
|---|---|
| 1. इंसाफ़ | रास्ता |
| 2. ताज | ताकत |
| 3. हरगिज़ | सम्मान |
| 4. डगर | मुकुट |
| 5. बल | कभी |
| 6. इज्ज़त | न्याय |

*(ग) कविता की निम्नलिखित पंक्तियाँ पूरी करो।*

1. दुनिया के ______________________________

______________________________ बढ़ते रहना।

2. इनसानियत के ____________________

तन-मन ____________________

3. इंसाफ़ की डगर ____________________

ये __________ नेता __________

*(घ) उचित परसर्ग से रिक्त स्थान भरो।*

1. इंसाफ़ __________ डगर
2. दुनिया __________ रंग
3. तन-मन __________ भेंट
4. भारत __________ लाज
5. इनसानियत __________ दुश्मन
6. इज्ज़त __________ ताज

*(ङ) निम्नलिखित शब्दों के समान तुक वाले शब्द लिखो।*

1. चल __________
2. कहना __________
3. तुम्हारा __________
4. ताज __________
5. चलना __________
6. डगर __________
7. दिखाओ __________
8. रखना __________

*(च) निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो।*

1. रंग ____________________
2. बल ____________________
3. बदलना ____________________
4. अपना ____________________
5. न्याय ____________________
6. कल ____________________

7. अंतिम

8. चलना

(छ) *समाज में फैली बुराइयों को मिटाने के लिए तुम क्या करना चाहोगे? लगभग सौ शब्दों में लिखो।*

# रचनात्मक अभिव्यक्ति – 4

*(क) निम्नलिखित गद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।*

वसंतपुर में राजा हेमंत प्रताप राज करते थे। राज्य में चारों ओर खुशहाली थी। लेकिन राजा इस बात को लेकर दुखी रहते थे कि उनकी कोई संतान नहीं थी। एक दिन की बात है, बहुत गरमी पड़ रही थी। अचानक एक महात्मा जी राजदरबार में आए। राजा ने उनका बड़ा आदर-सत्कार किया। स्वयं उन्हें अपने हाथों से शीतल जल पिलाया। महात्मा जी जल पीकर तृप्त हो गए। फिर उन्होंने कहा, "आपका स्वभाव अत्यंत सरल है। मैं आपसे प्रसन्न हूँ। आपकी कोई एक इच्छा पूरी करना चाहता हूँ। जो भी चाहें, माँग लें।"

राजा ने सकुचाते हुए कहा, "मेरी कोई संतान नहीं है।"

महात्मा जी ने कहा, "शीघ्र ही आपको संतान-प्राप्ति होगी।" फिर वह आशीर्वाद देकर चले गए।

1. राजा हेमंत प्रताप क्यों दुखी रहते थे?

______________________________

______________________________

2. राजा ने महात्मा जी का आदर-सत्कार किस प्रकार किया?

______________________________

______________________________

3. महात्मा जी ने प्रसन्न होकर राजा से क्या माँगने को कहा?

______________________________

______________________________

4. महात्मा जी ने राजा को क्या आशीर्वाद दिया?

______________________________

______________________________

5. 'जल' और 'राजा' शब्दों के दो-दो समानार्थी शब्द लिखो।

______________________________

6. इस गद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

**(ख) *निम्नलिखित पद्यांश पढ़ो और दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखो।***

हमने डरना कभी न जाना, आँधी से, तूफ़ान से,
देखो, हम बढ़ते जाते हैं, कैसे अपनी शान से।

काँटे आते, उन्हें हटाते, तुरंत बनाते राह,
बड़े-बड़े रोड़ों की भी, करते न कभी परवाह।

सिर अपना ऊँचा रखते हैं, हरदम हम अभिमान से,
हमने डरना कभी न जाना, आँधी से, तूफ़ान से।

दिन में राह बताता सूरज, फिर जब आती रात,
चाँद चाँदनी बिखराता है, करता हमसे बात।

1. बच्चे किससे नहीं डरते हैं?

2. बच्चे अपनी राह कैसे बनाते हैं?

3. बच्चे किस प्रकार अपना सिर ऊँचा रखते हैं?

4. सूरज और चंदा क्या करते हैं?

5. 'सूरज' और 'चंदा' के समानार्थी शब्द लिखो।

6. 'डरना' और 'ऊँचा' शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाओ।

7. इस पद्यांश के लिए उचित शीर्षक लिखो।

*(ग) 'विज्ञान हमारे लिए वरदान है या अभिशाप?' – इस विषय के पक्ष या विपक्ष में वाद-विवाद के लिए अपने विचार लिखो।*

*(घ) राजू और बिरजू डींग हाँकने में एक-दूसरे से बढ़कर हैं। अपनी कल्पना से उन दोनों के बीच डींग हाँकने से संबंधित संवाद लिखो।*

(ङ) नीचे दिए गए चित्र को देखो और इस पर आधारित एक छोटी-सी कहानी लिखो।

